No. of Printed Pages : 4

2017

# QCA/BC : ATUWS-22/II

## इतिहास : प्रश्न-पत्र – II

## HISTORY : Paper-II

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

नोट : (i) दो खण्डों में कुल आठ प्रश्न दिये गये हैं जो हिन्दीं एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

(ii) प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iv) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

**Note :** (i) There are total **eight** questions in **two** sections printed in both Hindi and English.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** from each section.

(iii) Marks are given against each of the question.

(iv) **All** questions carry equal marks.

### खण्ड – अ / Section – A

1. (a) क्या आप इस कथन से सहमत है कि "ब्रिटिश साम्राज्यवाद का उदय और प्रसार एक संयोग था न कि किसी सुनिश्चित नीति और मंसूबे का परिणाम ।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **15**

Do you agree with the view that "the rise and expansion of British empire was an accident rather than the result of a deliberate policy and design." Critically examine this statement.

(b) भारत में उपनिवेशवाद के विभिन्न चरणों को स्पष्ट कीजिए । इन चरणों में भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार प्रभावित हुई ? **15**

Identify the distinct stages of colonialism in India. How these stages effected the Indian economy ?

(c) उन परिस्थितियों का परिचय दीजिये जिसके कारण बंगाल में 'स्थायी बन्दोबस्त' प्रारंभ किया गया । जमींदारों, किसानों और सरकार पर उसके प्रभाव का विवेचन कीजिये । **10**

Trace the circumstances that led to the introduction of the 'Permanent Settlement' in Bengal. Discuss its impact on landlords, peasants and government.

दृष्टि The Vision

2. (a) 'सहायक संधि प्रथा' के मूलभूत सिद्धान्तों का परीक्षण कीजिए । भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की सर्वोच्च प्रभुत्व संपन्न सत्ता को स्थापित करने में उसका क्या योगदान था ? 15

Examine the basic principles of the 'Subsidiary Alliance System'. How far did it contribute in making the East India Company the supreme sovereign authority in India ?

(b) सामाजिक–धार्मिक सुधार आन्दोलनों ने 19वीं शताब्दी में स्त्रियों की दशा के प्रति किस सीमा तक योगदान दिया ? 15

To what extent the socio-religious reform movements contributed in the emancipation of women during the 19th century ?

(c) भारतीय अर्थव्यवस्था पर रेलवे के प्रभावों का मूल्यांकन करें । 10

Discuss the impact of Railways on Indian economy.

3. (a) औपनिवेशिक भारत में हुए जनजातीय विद्रोहों के कारकों का विवेचन करें । 15

Discuss the factors responsible for the tribal uprisings in colonial India.

(b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन के स्वरूप एवं महत्त्व का मूल्यांकन करें । 15

Discuss the nature and significance of Civil Disobedience Movement.

(c) काँग्रेस समाजवादी पार्टी के नेतृत्व की प्रकृति और कार्यक्रम का विवेचन कीजिए । 10

Discuss the nature of the leadership and programme of the Congress Socialist Party.

4. (a) 1905 – 1931 ई. के बीच भारत में क्रान्तिकारी आंदोलनों के उदय और प्रगति के कारणों का परीक्षण करें । 15

Examine the causes for the rise and progress of revolutionary movement in India between A.D. 1905 – 1931.

(b) क्या आपके विचार में, "भारत छोड़ो आन्दोलन एक स्वतः स्फूर्त क्रान्ति थी " ? 15

Do you think that "Quit India Movement was a spontaneous revolution" ?

(c) स्वतंत्रता एवं विभाजन के पश्चात भारतीय विदेश नीति के मूल निर्धारक तत्त्वों की विवेचना करें । 10

Discuss the basic determinants of India's foreign policy after independence and partition.

दृष्टि The Vision

## खण्ड – ब / Section – B

5. (a) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि "1789 की फ्रान्स की क्रान्ति का कारण फ्रांसीसी दार्शनिक नहीं थे, बल्कि क्रान्ति देशव्यापी दशा और सरकार की गलतियों का परिणाम थी" ? 15

Do you agree that the "French revolution of 1789 was not caused by the French Philosophers, but by the conditions of the National life and by the mistakes of the Government" ?

(b) अमरीकी गृहयुद्ध में मुख्य अन्तर्ग्रस्त समस्याओं का परीक्षण कीजिए । क्या यह दो पृथक् राष्ट्रों के मध्य संघर्ष था ? 15

Examine the main issues involved during the American Civil War. Do you think it was a contest between two separate nations ?

(c) क्या आप सहमत हैं कि यूरोप के अन्य देशों में औद्योगीकरण का प्रक्रम इंग्लैंड में औद्योगीकरण के प्रक्रम से भिन्न था ? 10

Do you agree that the process of industrialization in other countries of Europe was different from that of England ?

6. (a) 'फ्रांस को अलग-थलग कर देना बिस्मार्क की विदेश नीति का मूलाधार था ।' व्याख्या कीजिए । 15

'Isolation of France constituted the keystone of Bismarck's foreign policy'. Elucidate.

(b) साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं ? अफ्रीका के मामले में इसके अद्वितीय अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए । 15

What do you understand by Imperialism ? Throw light on its unique features in case of Africa.

(c) 1853 – 1894 के वर्षों में जापान का रूपान्तरण हुआ । स्पष्ट कीजिए । 10

The years 1853-1894 witnessed the transformation of Japan. Explain.

7. (a) 1919 ई. की वर्साय सन्धि की व्यवस्थाओं का विश्लेषण कीजिए और इस सन्धि के प्रति जर्मनी की आपत्तियों के औचित्य का परीक्षण कीजिए । 15

Analyse the provisions of the Treaty of Versailles of 1919 and examine the validity of Germany's objection to the treaty.

(b) रूस में लेनिन को "समाजवाद का पिता, क्रान्ति का संगठक और नए रूसी समाज का संस्थापक कहा गया है ।" इस कथन का परीक्षण करें । 15

In Russia, Lenin was "the father of Socialism, organiser of the revolution and the founder of the new Russian society." Examine this statement.

(c) द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् वियतनाम को तीस वर्षों का युद्ध क्यों झेलना पड़ा था ? 10

Why did Vietnam go through thirty years of war after the Second World War ?

P.T.O.



दृष्टि The Vision

8. (a) सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी मुख्य कारकों का विवेचन करें। 15

Discuss the main factors leading to the collapse of the Soviet Union.

(b) राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूजवेल्ट की "न्यू डील" में "राजनैतिक अर्थव्यवस्था को एक नयी और अधिक आशापूर्ण दिशा में प्रेरित करने की विचार शक्ति थी।" क्या आप सहमत हैं ? 15

President Franklin Roosevelt's 'New Deal' "had the wit to start the political economy in a fresh, more promising direction." Do you agree ?

(c) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि निर्गुट आन्दोलन ने शांति के वातावरण की प्रोन्नति में एक निर्णायक भूमिका अदा की थी ? 10

Do you agree with the view that the Non-Aligned Movement played a crucial role in promoting a climate of peace ?

---